ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.11.2020

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 18.11.2020 को छठ पूजा के दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये गये निर्देश।**

1– नगर आयुक्त महोदय ने कोविड–19 महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए छठ पूजा पर्व पर आज नगर निगम के अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देश दिये। छठ पूजा के पर्व को अपने घरों पर मनाये जाने के साथ–साथ नगर के अन्य स्थानों पर जैसे–छोटी विसरात,बडी विसरात,लोधीपुर,खन्नौत नदी,गर्रा नदी,गॉधी पार्क के नीचे व अन्य स्थानों पर भी मनाई जाती है। नगर आयुक्त महोदय ने छठ पूजा के पर्व को मनाये जाने हेतु नदी/तलाबों के किनारे शौचालय एवं साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में,एम्बुलेंस की व्यवस्था मय चिकित्सकों की टीम के साथ करने हेतु, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, सभी कार्यक्रमों मे 02 गज की दूरी व मास्क का प्रयोग करवाने हेतु व कार्यक्रम के आयोजन के दौरान सोशल डिस्टेसिंग के निर्देशों का पालन कराये जाने का दायित्व नगर स्वास्थ्य अधिकारी तथा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया।नगर आयुक्त महोदय ने नदी/तालाब के किनारे पारम्परिक स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था किये जाने हेतु प्रकाश विभाग/प्रभारी प्रकाश को निर्देशित किया। छठ पूजा के पर्व पर घाटों पर महिलाओं के लिए चेन्जरूम की समुचित व्यवस्था, एम्बुलेंस की व्यवस्था मय चिकित्सकों की टीम के साथ तथा घाटों मे पानी के बहाव की समुचित व्यवस्था एवं घाटों के अन्दर लोग गहरे पानी मे न जाने पाये, इस हेतु घाट के अन्दर बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था एवं पूजा/स्थलों/घाटों पर पहुँचने हेतु यथावश्यक सीढ़ियो की व्यवस्था कराये जाने तथा पूजा स्थलों की सतत् निगरानी हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरों की समुचित व्यवस्था कराये जाने हेतु मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया गया। पेयजल व्यवस्था,स्वच्छता व सैनेटाइजेशन पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान चलाकर अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कराये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने नगरवासियों से अपने घरों पर रहकर ही छठ पूजा करने की अपील की गई,जिससे कोविड–19 की महामारी से बचा जा सके।

उप ~~नगर आयुक्त~~
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner